# इंस्टिट्यूट ऑफ रूरल डेवलपमेंट द्वारा आरआरटीएस की भूमिका पर ट्रांसजेंडरों जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नई दिल्ली/अ.इ.।




ग़ालिब अकादमी निज़ामुद्दीन दिल्ली के सभागार में इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल डेवलपमेंट द्वारा एनसीआरओसी, एडीबी के सहयोग से गतिशीलता और परिवहन के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना आरआरटीएस की भूमिका पर ट्रांसजेंडरों के लिए सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें दिल्ली के विभिन्न छेत्रों में रहने वाले ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को आने वाले समय मे इस परियोजना का कैसे लाभ मिलेगा एवं क्षेत्र का कैसे विकास होगा के के बारे में अलग अलग वक्ताओं ने सभागार में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। इस अवसर पर एनसीआरओसी के श्री तरुण मोंगा जी सभी मेहमानों एवं उपस्थित लोगों का सवागत किया तथा कार्यक्रम के बारे में विस्तृत चर्चा की।

आरआरटीएस प्रोजेक्ट के बारे में जागरूकता के लिए एनसीआर ओसी से श्री पुनीत वत्स जी ने सभी अतिथिगण एवं उपस्थित स्थानीय लोगों को संबोधीत कर उन्हें इस परियोजना के प्रति जागरूकता तथा इसका महत्व समझाने पर बल दिया एवं उपयोगिता पर विस्तार पूर्वक चर्चा की तथा ट्रांसजेंडर समाज के लिए लोगों के लिए जागरूकता पर आईआरडीपी से श्रीमती ज़ारा बघेल एवं श्रीमती राघवी ने ट्रांसजेंडरों को यात्रा के दौरान कैसे स्वयं को सुरक्षित रखा जाए विस्तृत जानकारी दी। प्रोग्राम का प्रारंभ सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना से किया और आईआरडीपी के अध्यक्ष श्री बिपिन कुमार बल ने सभी अतिथियों को शॉल एवं मोममेंटो से स्वागत किया एवं कार्यक्रम के अंत में आईआरडीपी के श्री अशोक कुमार दास जी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ जिसमे उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं सहभागियों का धन्यवाद किया।